मंगलवार
18 अप्रैल, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



पर्व त्योहारों पर शांति भंग करनेवालों पर होगी कड़ी कार्रवाई 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

**बिहार सरकार का ऐलान: 01 अप्रैल 2016 के बाद हुईं सभी मौतों पर मिलेगा मुआवजा**

# जहरीली शराब से मौत पर आश्रितों को सरकार देगी चार लाख का मुआवजा

- मुआवजा पाने के लिए नीतीश सरकार ने रखी शर्त-पीड़ित परिवार को डीएम को लिखित रूप में बताना होगा कि मरनेवाले मेरे परिवार के सदस्य हैं और इन्होंने कहां से शराब खरीदी और पी थी?

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बड़ी घोषणा की है। उन्होंने जहरीली शराब पीने से मौत होने पर सभी पीड़ित परिवारों को 4-4 लाख रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया है। यह मुआवजा 1 अप्रैल 2016 यानि शराबबंदी कानून लागू होने के बाद से जिनकी मृत्यु जहरीली शराब पीने से हुई है, उनके आश्रितों को ही दिये जायेंगे। इसके लिए यह शर्त रखी गई है कि पीड़ित परिवार को जिलाधिकारी को लिखित रूप में यह बताना होगा कि मरनेवाले मेरे परिवार के सदस्य हैं और इन्होंने कहां से शराब खरीदी और पी थी? साथ ही उन्हें यह भी लिखकर देना होगा कि शराब नहीं पीनी चाहिए। हमसब लोगों को प्रेरित करेंगे कि शराब नहीं पीनी चाहिए। हमलोग शराबबंदी के पक्ष में हैं। भविष्य में परिवार का कोई भी शख्स शराब नहीं पीएगा। डीएम के यहां लिखित देने के बाद उन्हें चार लाख रुपये मिल जाएंगे।

पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि इससे हमें बहुत दुःख हुआ है, भीतर से तकलीफ हो रही है कि कैसे कोई पी लेता है और मर भी जाता है। इतनी ज्यादा कोशिशों के बाद भी यह सब हो रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी साफ किया कि सिर्फ मोतिहारी ही नहीं बल्कि इससे पहले जितने लोगों की शराब पीने से मौत हुई है उनके परिवार को मुआवजा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इधर दो-तीन सालों से हम देख रहे हैं कि बार-बार समझाने के बावजूद लोग जहरीली शराब पीकर अपनी जान गंवा दे रहे हैं। हर चीज के लिए कानून बना हुआ है, इसके बाद भी अगर कोई कुछ बोलता है तो उसका क्या कहना।



### पहले सीएम ने मुआवजा नहीं देने की की थी घोषणा

बिहार में 2016 से शराबबंदी लागू है। इसके बावजूद बिहार के कई जिलों में जहरीली शराब से मौतें हो रही हैं। पहले मुख्यमंत्री ने शराब पीने से मौत पर मुआवजा नहीं देने की घोषणा की थी। यह भी कहा था कि गलत चीज पियोगे तो मरोगे। अब नीतीश कुमार ने चार लाख देने की घोषणा की है। ऐसे में सवाल उठने लगे हैं कि यह कहीं चुनाव को देखते हुए तो नहीं किया गया है? बता दें कि कुछ महीने पहले छपरा में जहरीली शराब से कई लोगों की जान गई थी। जिले में हड़कंप मच गया था। इस पर बीजेपी ने पीड़ित परिजनों को मुआवजा देने की मांग की थी। विधानसभा में इस पर जमकर हंगामा हुआ था, लेकिन मुख्यमंत्री एक बात पर अडिग थे कि शराब पीने से मौत पर मुआवजा नहीं दिया जाएगा।

### हमारी मांग को सरकार ने माना, यह बीजेपी की बड़ी जीत: सम्राट

जहरीली शराब से मौत पर पीड़ित परिवार को चार लाख का मुआवजा देने के बिहार सरकार के फैसले पर बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि पिछले 8 से 10 महीने से और उससे पहले भी जब सरकार में थे लगातार हम लोग डिमांड कर रहे थे और उस डिमांड को सरकार मानी, ये बीजेपी की बड़ी जीत है. बिहार में जहरीली शराब से जो लोग मरे हैं उनके परिवार का कोई दोष नहीं था, उनको चार लाख का मुआवजा मिलना ही चाहिए। नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार सिर्फ अपना चेहरा चमकाने में लगे रहते हैं, उनको लोकतंत्र से कोई मतलब नहीं है। सभी कानून में पलटी मारने का काम भी करते हैं। मोतिहारी में जहरीली शराब से कई मौतें हुई हैं तो छोटे-छोटे अधिकारियों पर कार्रवाई हो रही है। बड़े अधिकारियों पर कार्रवाई कब होगी? नीतीश कुमार बिहार के गृह मंत्री हैं, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।



### पांच थानाध्यक्ष निलंबित, 80 लोग गिरफ्तार

मोतिहारी जिले में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से जान गंवाने वालों की संख्या अब भी लगातार बढ़ रही है। इस मामले को लेकर जिले के पुलिस अधिकारियों पर गाज गिरी है। पांच थानाध्यक्षों को लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। वहीं, पुलिस इस मामले की जांच में अभी भी जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने सोमवार को बताया कि पिछले 10 घंटों में चार और लोगों की मौत हुई है। घटना के बाद संबंधित थानों के पांच थानाध्यक्षों को भी कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

**इन्हें किया गया निलंबित:** उन्होंने बताया कि तुरकौलिया, हरसिद्धि, सुगौली, रघुनाथपुर और पहाड़पुर के थानाध्यक्षों को निलंबित किया गया है। इससे पहले जिला पुलिस ने इस मामले को लेकर रविवार को दो पुलिस अधिकारियों और नौ चौकीदारों को निलंबित कर दिया था। जिला पुलिस ने अब तक पांच मामले दर्ज किए हैं। इस सभी केसों में जांच चल रही है।

**सख्ती के बाद भी होती है तस्करी:** गौरतलब है कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार ने 1 अप्रैल 2016 को शराब की बिक्री और पीने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया था। इसके साथ ही शराब तस्करों के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से व्यापक स्तर पर अभियान चलाने के बावजूद प्रदेश में शराब की तस्करी के मामले सामने आते रहे हैं।

**घटना के बाद सरकार:** सरकार इस मामले को लेकर काफी सख्त नजर आ रही। सरकार ने इस संबंध में दो पुलिस अधिकारी और नौ चौकीदारों को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही शराब तस्करी से जुड़े 80 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भाजपा ने इस त्रासदी को सामूहिक हत्या करार देते हुए मामले में विस्तृत जांच के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से संपर्क करने का ऐलान किया है। इस संबंध में शराब के अवैध कारोबार में शामिल 60 लोगों सहित कुल 80 लोगों को अब तक गिरफ्तार किया गया है।

## 40 हजार के नकली नोटों के साथ एक युवक गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पुलिस ने नकली नोटों के गैंग का खुलासा किया है। जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र अंतर्गत फकुली ओपी चेकपोस्ट पर पुलिस ने 40 हजार के नकली नोटों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। युवक छत्तीसगढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है। मिलिट्री इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर मुजफ्फरपुर में पुलिस ने बस से सफर कर रहे एक युवक विशंभर प्रसाद सिंह की जब तलाशी ली तो उसके पास मौजूद काले रंग के बैग के अंदर रखे पैंट के पॉकेट से 40 हजार रुपये का बंडल मिला। पुलिस ने जब जांच की तो ये सारे नोट नकली निकले। एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि मिलिट्री इंटेलिजेंस लखनऊ को गुप्त सूचना मिली थी कि पटना जाने वाली एक बस से जाली नोट लेकर एक कुरियर जा रहा है। इसी आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की।

## बिहार के राज्यपाल का काफिला दुर्घटनाग्रस्त, नौ लोग घायल

**केटी न्यूज/हाजीपुर**

बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर का काफिला दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। हाजीपुर के भगवानपुर के रतनपुरा गांव के पास यह हादसा हुआ है। पटना से मुजफ्फरपुर जाने के दौरान यह घटना हुई है। हादसे में दमकल की गाड़ी पलट गई। सड़क दुर्घटना में कुल 9 लोग घायल हो गए हैं। सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर पटना से मुजफ्फरपुर जा रहे थे।

बताया जा रहा कि राज्यपाल के काफिले में दमकल की गाड़ी चल रही थी। अनियंत्रित होने के बाद दमकल की गाड़ी डिवाइडर को पार कर रॉन्ग साइड में चली गई और सवारी से भरे ऑटो में टक्कर हो गई। दमकल और ऑटो के चालक समेत 9 लोग घायल हो गए हैं। एक सवारी की स्थिति गंभीर है।



घटना के संबंध में जो जानकारी मिली है उसके अनुसार राज्यपाल या किसी और सुरक्षाकर्मी को कुछ नहीं हुआ है क्योंकि घटना दमकल की गाड़ी की वजह से हुई है। बताया गया कि दमकल की गाड़ी राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के काफिले के पीछे चल रही थी। हादसे के बाद प्रशासन और पुलिस ने मशक्कत करते हुए इलाज के लिए भेजा है।

## दावा... माफिया अतीक-अशरफ की हत्या के लिए आरोपियों को मिली थी 10-10 लाख रु. की सुपारी

**एजेंसी/प्रयागराज**

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की गोली मारकर हत्या मामले को लेकर उप्र में पुलिस हाई अलर्ट पर है। सुरक्षा कारणों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप-मुख्यमंत्री समेत कई मंत्रियों ने अपना सार्वजनिक कार्यक्रम रद्द कर दिया है। इस मामले में पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि तीनों हमलावर लवलेश तिवारी, अरुण मौर्या, मोहित उर्फ सनी सिंह 48 घंटे से प्रयागराज में एक होटल में कमरा लेकर रुके थे। इसके बाद से वह लगातार अतीक और अशरफ को फॉलो कर रहे थे। लगातार रेकी करने के बाद हत्या का प्लान बनाया था।

सूत्रों के अनुसार, हमलावरों ने पूरा रुटीन बनाया। उन्हें मालूम था कि अतीक और अशरफ के नजदीक पहुंचने का सबसे आसान रास्ता मीडिया है। यही कारण है कि तीनों ने नकली कैमरा, माइक आईडी और आईकार्ड बनवा लिया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि तीनों हत्यारोपियों पर पहले से आपराधिक मामले दर्ज हैं। अतीक और अशरफ की हत्या में तीन अलग-अलग पिस्टल का प्रयोग हुआ। इसमें एक 30 पिस्टल (7.62) स्वदेशी, दूसरा 9 एमएम पिस्टल गिरसान (तुर्किये में बनी), और तीसरा 9 एमएम पिस्टल जिगाना (तुकीर्ये) शामिल है। इनकी कीमत 4 से सात लाख रुपये तक की है। जिगाना पिस्टल भारत में बैन है। इसे पाकिस्तान के रास्ते भारत में सप्लाई किया जाता है। ऐसे में इस हत्याकांड के तार अब पाकिस्तान तक जुड़ चुके हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अतीक-अशरफ की हत्या के लिए तीनों आरोपियों को 10-10 लाख रुपये की सुपारी दी गई थी। अब ये सुपारी किसने और क्यों दी अभी तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है।

## चुनावी रंजिश में पूर्व उपमुखिया की पीट पीटकर हत्या

**बेतिया।** बेतिया में चुनावी रंजिश में पूर्व उपमुखिया की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। रविवार की देर शाम पूर्व उपमुखिया गणेश पटेल को बुरी तरह पीटा गया था। सोमवार की सुबह इलाज के दौरान गणेश पटेल की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन आक्रोशित हो गए। स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सड़क जाम कर एसपी और डीएम को बुलाने की मांग करने लगे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि हत्या का आरोप नगर निगम के वर्तमान पार्षद के भाई पूर्व मुखिया और उसके समर्थकों पर लगा है। वहीं पूर्व उपमुखिया गणेश पटेल ने मरने से पहले घायल अवस्था में बयान दिया है।

## समलैंगिक विवाह को अनुमति देने न देने का अधिकार सुप्रीम कोर्ट को नहीं : केंद्र

**एजेंसी/नई दिल्ली**

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने पर सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की संविधान पीठ मंगलवार को सुनवाई करेगी। याचिका में स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत समलैंगिक विवाह के रजिस्ट्रेशन की मांग की गई है। इस बीच केंद्र ने नया आवेदन दाखिल कर कहा है कि कोर्ट को यह सुनवाई नहीं करनी चाहिए। कोर्ट अपनी तरफ से विवाह की नई संस्था नहीं बना सकता।

केंद्र सरकार ने यह भी कहा है कि समलैंगिक शादी को मान्यता देने की मांग बड़े शहरों में रहने वाले कुछ अभिजात्य लोगों की है। भारत की बड़ी आबादी छोटे शहरों और गांवों में बसती है। इस तरह की शादी को कानूनी दर्जा देने का असर सब पर पड़ेगा। हर पहलू पर विचार कर कानून बनाना संसद का काम है। सुप्रीम कोर्ट को यह नहीं करना चाहिए।



सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिकाओं में समलैंगिक विवाह को भी स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत लाकर उनका रजिस्ट्रेशन किए जाने की मांग की गई है। याचिकाकताओं ने कहा है कि 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिकता को अपराध मानने वाली आईपीसी की धारा 377 के एक हिस्से को रद्द कर दिया था। इसके चलते दो व्यस्कों के बीच आपसी सहमति से बने समलैंगिक संबंध को अब अपराध नहीं माना जाता। ऐसे में साथ रहने की इच्छा रखने वाले समलैंगिक जोड़ों को कानूनन शादी की भी अनुमति मिलनी चाहिए।

## मंत्री शाहनवाज हुसैन साक्ष्य के अभाव में बरी

**भागलपुर।** लोकसभा चुनाव 2009 के दौरान एक दुकान में पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन का एक फोटो लगा था, जिसको लेकर अधिकारियों ने शाहनवाज हुसैन पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया था। सोमवार को इस मामले में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन भागलपुर कोर्ट में हाजिर हुए। शाहनवाज हुसैन, बिहपुर के बीजेपी विधायक इंजीनियर शैलेंद्र मंटू मोदी और व्यास चौधरी को आचार संहिता मामले को लेकर एमपी-एमएलए कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में बाइज्जत बरी कर दिया। इस पर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि यह अधिकारियों को सोचना चाहिए कि बिना साक्ष्य इस तरह किसी को परेशान नहीं करना चाहिए।

**राज्य में कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण स्वास्थ्य विभाग ने जारी की गाइडलाइन्स**

# प्रीकॉशन डोज से वंचित लोग ले सकते हैं कॉबेर्वेक्स का टीका

**केटी न्यूज/बक्सर**

एक ओर राज्य समेत पूरे देश में कोरोना के नए मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। वहीं, दूसरी ओर वैक्सीन की कमी के कारण लोगों में चिंता है। जिसे देखते हुए राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने सोमवार को गाइडलाइन जारी की है। इसमें बताया गया है कि कोविशील्ड और कोवैक्सीन की प्रीकॉशन डोज से वंचित लाभुकों को कॉबेर्वेक्स टीका की डोज दी जाएगी। साथ ही, 12 से 14 वर्ष तक के किशोर लाभुकों को टीके की पहली और दूसरी डोज से भी लाभांवित किया जाए। इसके लिए बक्सर समेत पूरे राज्य में कॉबेर्वेक्स का टीका उपलब्ध कराया जा रहा है। नए सत्र में कोविड वैक्सीनेशन के लिए बक्सर जिले को कॉबेर्वेक्स की 400 डोज उपलब्ध करायी गयी है। मंगलवार को जिले के सभी प्रखंडों में टीकों का वितरण शुरू किया जाएगा। ताकि, इच्छुक लाभुक अपना निर्धारित टीका ले सकें।




जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने कहा, कॉबेर्वेक्स का टीका लेने में किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। ऐसे लोग जिन्होंने कोविशील्ड और कोवैक्सीन की पहली और दूसरी डोज ले ली है और प्रीकॉशनरी डोज से वंचित हैं, वो भी तीसरी डोज के रूप में कॉबेर्वेक्स का टीका ले सकते हैं। वहीं, 12 से 14 वर्ष तक के बच्चों के अभिभावक अपनी जिम्मेवारी निभाएं और आगे आकर अपने बच्चों को टीका लगवाएं। पहली खेप में बक्सर को 400 डोज ही प्राप्त हुए हैं। जैसे-जैसे टीकों की उपलब्धता बढ़ती जाएगी। टीकाकरण शिविरों की संख्या में बढ़ोत्तरी करते हुए अधिकाधिक लाभुकों को टीकाकृत किया जाएगा।

### कोरोना से बढ़ी टेंशन... बिहार में 137 नए पॉजिटिव मरीज मिले


बिहार में कोरोना एक बार फिर तेज गति से पांव पसारने लगा है। अब हर दिन मिलने वाले नए संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। राज्यभर में रविवार को 137 नए पॉजिटिव मरीज मिले हैं, जो इस साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इनमें से सिर्फ पटना जिले में 69 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। नए मामले के साथ ही बिहार में कोरोना के सक्रय मरीजों की संख्या बढ़कर 493 हो गई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से रविवार देर रात जारी कोविड-19 बुलेटिन के अनुसार पटना में 69 मामले सामने आए हैं, जबकि भागलपुर में 8, बेगूसराय में 2 और दरभंगा में 5 मामले सामने आए। गया में 4, गोपालगंज में 2, जहानाबाद से एक, कैमूर से 3, कटिहार से एक, खगड़ियां से 7, किशनगंज से एक, मुंगेर से 8, मुजफ्फरपुर से 3, नालंदा से 2, पूर्णिया से 9, सहरसा से 2, शिवहर में एक, वैशाली से 4 और पश्चिम चम्पारण से 3 मरीज मिले हैं।



# टीबी के नए मरीजों की खोज के लिए हर तीन माह पर चलेगा विशेष अभियान

- गत दिनों एक्टिव केस फाइनडिंग अभियान में 24 नए मरीजों की हुई पुष्टि
- टीपीटी के तहत मरीज के साथ-साथ परिजनों को भी दी जाएंगी दवाएँस

**केटी न्यूज/बक्सर**



राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का लेकर जिले में गत दिनों एक्टिव केस फाइनडिंग (सक्रिय टीबी रोगी खोज) अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 24 टीबी के नए मरीजों की पुष्टि हुई है। जिनका निक्षय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करते ही इलाज शुरू किया जाएगा। साथ ही, टीबी का संक्रमण प्रसार की जानकारी के लिए इन नए मरीजों के परिजनों और आसपास के लोगों में भी टीबी की जांच की जाएगी। जिसके बाद टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी (टीपीटी) कार्यक्रम के तहत टीबी मरीज के साथ-साथ उनके परिजनों को भी टीबी रोधी दवाएं दी जाएंगी। पूर्व में टीपीटी टीबी मरीज के परिवार में पांच साल तक के बच्चों को ही दी जाती थी, लेकिन अब यह पूरे परिवार के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि, इसमें उम्र और वजन के अनुसार टीबी मरीज के परिजनों को दवाएं दी जाती है। जिससे भविष्य में उनमें टीबी संक्रमण की संभावना को समाप्त किया जा सके।

**अभियान में 229 लोगों का लिया गया सैंपल :** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सह डीएलईओ डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान 24 मार्च से 13 मार्च तक चलाया गया था। जिसमें पूरे जिले के 8302 घरों में जाकर फ्रंटलाइन वर्कर्स ने सर्वे किया। सर्वे में 35049 लोगों से पूछताछ की गई। जिसमें 3345 लोगों में टीबी की स्क्रीनिंग की गई। इनमें कुल 261 लोगों में टीबी के लक्षण पाए गए। हालांकि, 211 लोगों के बलगम की जांच की गई। जिसमें टीबी के 24 नए मरीजों की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि अब विभाग ने निर्णय लिया है कि प्रत्येक तीन माह के अंतराल में विशेष अवधि के लिए सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। ताकि, टीबी को जड़ से मिटाया जा सके।

**निक्षय पोषण योजना के प्रति किया जाएगा जागरूक :** डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सरकार की ओर से टीबी रोगियों के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, ताकि उन्हें जल्द से जल्द टीबी की बीमारी से निजात दिलाई जा सके। सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्यों ने लोगों को टीबी के बारे में जागरूक किया। साथ ही सरकार की ओर से चलाई जा रही निक्षय पोषण योजना के तहत 500 रुपये प्रतिमाह मरीज के खाते में भुगतान किए जाने को लेकर भी विस्तार से बताया जाएगा। साथ ही, उनसे कंसेंट लेटर लेते हुए निक्षय मित्र योजना का भी लाभ दिया जाएगा। उन्होंने टीबी के नए मरीजों से इलाज के दौरान एक दिन भी टीबी की दवा न छोड़ने की अपील की। टीबी की दवाओं का नियमित रूप से सेवन करना होता है। ऐसा नहीं करने पर मरीज मल्टी ड्रग रेजिस्टेंस टीबी के शिकार हो सकते हैं।

## हत्या कर फेंका गया युवक का अर्धजला शव कुंए से बरामद

**आरा।** जिले के हसनबाजार ओपी क्षेत्र के मझिआंव गांव स्थित बगीचे के पास कुएं से सोमवार की शाम युवक का शव बरामद किया गया। शव जला और सड़ा हुआ है। उसकी जलाकर हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। हालांकि उसकी उम्र 32 वर्ष आंकी जा रही। इधर, हत्या कर फेंका गया अर्धजला शव मिलने से गांव में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने प स्थानीय पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन की। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

बताया जा रहा है कि युवक का चेहरा और ऊपरी हिस्सा पूरी तरह जला हुआ है। उसके कारण पुलिस द्वारा हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ लोग शाम में बागीचे के रास्ते से गुजर रहे थे। तभी कुएं में शव दिखाई पड़ा। उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से निकला गया। इधर, पुलिस मामले की छानबीन और शव की पहचान करने में जुटी है। हालांकि देर रात तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस का कहना है कि शव की पहचान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।

### तीन दिन पूर्व गड़हनी रेलवे स्टेशन के पास मोबाइल लूट के बाद पुलिस ने की छापेमारी

# खुलासा: 27 मोबाइल के साथ गिरोह के सरगना सहित तीन लुटेरे गिरफ्तार

- अपराधियों के पास से लूटी गई एक बाइक भी बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**



जिले की गड़हनी थाने की पुलिस की ओर से मोबाइल लूटने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। इस दौरान गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। उनकी निशानदेही पर लूटे गये 27 मोबाइल भी बरामद किये गये है। लूटी गयी एक बाइक भी बरामद की गयी है। तीन रोज पूर्व गड़हनी रेलवे स्टेशन के समीप एक महिला से मोबाइल लूट के उद्भेदन में जुटी पुलिस को यह सफलता हाथ लगी है। गिरफ्तार बदमाशों में गड़हनी थाना क्षेत्र के मदुरा गांव निवासी संतोष पाल का पुत्र प्रिंस कुमार पाल, धमनियां निवासी वीर बहादुर प्रसाद का पुत्र प्रमोद कुमार प्रसाद और चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी निवासी कलामुद्दीन अंसारी का पुत्र अब्दुल रशीद उर्फ मांझी उर्फ सोनू शामिल हैं। इनमें प्रिंस कुमार पाल गिरोह का मुख्य सरगना है। यह गिरोह गड़हनी रेलवे स्टेशन सहित आसपास के इलाकों में राहगीरों से मोबाइल की छिनतई करता है। तीनों ने पुलिस की पूछताछ में यह बात स्वीकार की है।

एसपी प्रमोद कुमार ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बीते 15 अप्रैल को गड़हनी रेलवे स्टेशन के बदमाशों द्वारा चौरी थाने के अकोढ़ा गांव निवासी आरती देवी का मोबाइल लूटी गई थी। उसके बाद मोबाइल की बरामदगी और अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एएससी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। वैज्ञानिक जांच और तकनीकी सूत्र के आधार पर टीम ने सबसे पहले मदुरा गांव निवासी प्रिंस कुमार पाल को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर प्रमोद कुमार प्रसाद और अब्दुल रशीद को गिरफ्तार किया गया। तीनों की निशानदेही पर लूटे गए 27 मोबाइल और एक बाइक बरामद की गई। एसपी ने बताया कि गिरोह में कुछ अन्य बदमाश भी शामिल हैं। सभी की पहचान और धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है। उनके पास से भी कुछ मोबाइल आदि की बरामदगी की उम्मीद है। टीम में गड़हनी थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार और डीआईयू के अफसर व जवान शामिल थे।

**चोरी के मोबाइल खरीदने वालों की चल रही शिनाख्त :** लूटे गये 27 मोबाइल के साथ गिरोह के तीन बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस की नजर अब मोबाइल खरीदने वालों पर लगी है। पुलिस अब वैसे लोगों और दुकानदारों की पहचान करने में जुटी है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि गिरोह मुख्यतः गड़हनी रेलवे स्टेशन सहित आसपास के इलाकों में राहगीरों से मोबाइल की छिनतई करता है। उसके बाद उसे बेच देता है। गिरफ्तार तीनों सदस्यों ने इस बात को स्वीकार किया है। लूट या चोरी के मोबाइल खरीदने में भी कुछ गिरोह के काम करने के भी संकेत मिले हैं। उसमें कुछ दुकानदारों के भी शामिल होने के भी बात सामने आ रही है। उस आधार पर लूट और चोरी के मोबाइल खरीदने वाले लोगों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसमें जो भी शामिल होंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी की ओर से पब्लिक और दुकानदारों से लूट या चोरी के मोबाइल नहीं खरीदने की बात कही है। वरना कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

### लूटकांड में पुलिस कस्टडी से अपराधी के भागने के मामले में शोकॉज

**आरा।** शहर में पुलिस की कस्टडी से फरार अपराधी तीसरे दिन भी पकड़ में नहीं आ सका है। इस मामले में एसपी प्रमोद कुमार के तेवर काफी तल्ख हो गये हैं। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी द्वारा अपराधी को पेशी के लिए कोर्ट ले जाने वाले पुलिस कर्मियों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। वहीं अपराधी की गिरफ्तारी को लेकर एक टीम भी गठित कर दी गयी है। टीम उसके हर ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। एसपी ने बताया कि पेशी के लिए कोर्ट ले जाने के दौरान नीतीश कुमार नामक एक अपराधी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला था। उस मामले में अपराधी को कोर्ट लेकर जाने वाले अफसरों और जवानों से शोकॉज किया गया है। लापरवाही की बात सामने आने पर सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अफराधी की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है। लोकेशन हाथ लग है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फरार नीतीश कुमार उदवंतनगर थाने के डिहरी गांव निवासी है।

## डीपीआर के अनुसार मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य हो पूर्ण: डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर का पर्यटन विभाग द्वारा क्रियान्वित विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात मंदिर के विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया और कार्य की प्रगति बहुत धीमी पाई गई जिस के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि संबंधित कार्यकारी एजेंसी से समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण कार्य में प्रगति लाएं। जिससे मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण का कार्य डीपीआर के अनुसार सभी मानकों के अनुरूप ससमय पूर्ण किया जा सके एवं विभागीय कनीय अभियंता को निरंतर कार्यों का निरीक्षण करते हुए प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया।

कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद ब्रह्मपुर को मंदिर परिसर के अंदर तालाब की साफ सफाई कराने, मंदिर परिसर में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने साथ ही परिसर में आने वाले पर्यटको सुविधाओं के संबंध में आम जन की जानकारी के लिए साइन बोर्ड लगाएं। साथ ही समन्वय स्थापित कर यथोचित स्थान पर पर्यटकों के लिए शौचालय की व्यवस्था करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा ब्रह्मेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

## कार ड्राइवर की मध्य प्रदेश में सड़क हादसे में मौत

- इलाज के दौरान भोपाल के निजी अस्पताल में चालक ने तोड़ा दम
- यूपी के वृंदावन से एमपी के उज्जैन जाने के दौरान कंटेनर से टकरायी कार

**केटी न्यूज/आरा**

शहर के रहने वाले एक कार चालक की मध्यप्रदेश के भोपाल के पास में सड़क हादसे में मौत हो गयी। चारधाम की यात्रा पर निकले चालक की कार एक कंटेनर से टकरा गयी थी। उसमें गंभीर रूप से जख्मी चालक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा मोहल्ला निवासी स्व. अनिल कुमार सोनी का 25 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार सोनी था। हादसे में कार मालिक के घर की एक महिला सदस्य भी जख्मी है। उनका भी इलाज चल रहा है। इधर, चालक का शव सोमवार को उसके घर लाया गया। उससे चालक के घर में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।



वहीं, चालक के परिजनों के अनुसार बबलू मंगलवार की शाम आरा के बिचली रोड निवासी अभिषेक की कार से उनके परिजनों को चारधाम की यात्रा पर लेकर गया था। शुक्रवार की रात सभी उसी कार से यूपी के वृंदावन से मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकाल का दर्शन करने जा रहे थे। तभी शनिवार सुबह करीब तीन बजे भोपाल के पास कार हादसे की शिकार हो गयी। उसमें बबलू और कार में सवार एक महिला जख्मी हो गये। उसमें बबलू की हालत काफी गंभीर थी। उसे भोपाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां दोपहर में उसकी मौत हो गई।

**बोले परिजन... बबलू से जबरन चलवा रहे थे कार :** बबलू कुमार सोनी के परिजनों द्वारा कार मालिक पर गंभीर आरोप लगाया जा रहा है। मां माधुरी देवी और बहन द्वारा बबलू से जबरन कार चलवाने और हादसे की सूचना नहीं देने की शिकायत की गयी है। मां माधुरी देवी का कहना था कि मंगलवार की शाम करीब तीन बजे बबलू अभिषेक और उनके परिवार के साथ कार से निकला था। जाने से पहले बबलू ने कहा था कि लंबा सफर है। अकेले गाड़ी नहीं चला सकूंगा। तब अभिषेक द्वारा बताया गया था कि दो ड्राइवर हैं, कोई परेशानी नहीं होगी। उसके बाद वह काम लेकर गया था। घूमने के क्रम में सभी पहले यूपी के बृंदावन धाम पहुंचे। शनिवार को मध्यप्रदेश के महाकालेश्वर धाम जा रहे था। तभी भोपाल के समीप हादसे हो गया। उन्होंने बताया कि उनका बेटा रोज फोन करता था। यह भी बता रहा था कि अभिषेक उससे जबरन कार चलवा रहे हैं। रोज की तरह शनिवार को बबलू का फोन नहीं आया, तो उन्होंने खुद से कॉल की। तब अभिषेक ने फोन उठाया और कहा कि बाद में बात कराता हूं। उसके बाद उन्होंने अपने छोटे बेटे को अभिषेक के घर भेजा। वहां उसके पिता ने बताया कि उसके भाई का एक्सीडेंट हो गया है।

### विश्व हीमोफिलिया दिवस विशेष: जागरूकता लाने एवं इसमें सरकारी तंत्र की भागीदारी की महत्ता

# सरकारी संस्थानों में होता है हीमोफिलिया के मरीजों का नि:शुल्क उपचार

**केटी न्यूज/भभुआ**

विश्व में सबसे ज्यादा हीमोफिलिया के मरीज भारत में हैं। रक्त जनित रोगों से ग्रसित ज्यादातर व्यक्तियों को इनके लक्षणों का पता नहीं होता है और मरीजों को पता भी नहीं होता की वे हीमोफिलिया जैसी गंभीर बिमारियों से ग्रसित हैं। ये यह रोग ज्यादातर अनुवांशिक होता है और गर्भधारण के पहले माता पिता को अपना संपूर्ण ब्लड प्रोफाइल करवाना चाहिए। जिससे किसी भी तरह की जटिलताओं का पता चल सके। यह रोग ज्यादातर पुरुषों में होता है। हीमोफिलिया के बारे में जागरूकता लाने एवं इसमें सरकारी तंत्र की भागीदारी की महत्ता को उजागर करते हुए ह्लएक्सेस फॉर आल: पार्टनरशिप, पालिसी, प्रोग्रेस. इंगेजिंग गवर्नमेंट, इंटीग्रेटिंग इनहेरिटेड ब्लीडिंग डिसऑर्डर इन्टू नेशनल पालिसीह्व को थीम के रूप में चुना गया है।




### यह हैं हीमोफिलिया के लक्षण

- हल्की खरोंच पर रक्तस्राव
- नाक, कान से रक्तस्राव
- जोड़ों में सुजन अथवां पीड़ा होना
- मसूड़ों से खून आना
- खांसने अथवा उल्टी में खून आना
- शरीर पर काले धब्बे पड़ना
- लाल अथवा काला शौच होना
- काटने अथवा छिलने पर अधिक समय तक रक्तस्राव

**क्या है हीमोफिलिया :** सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (सीडीसी ) की रिपोर्ट के अनुसार हीमोफिलिया एक वंशानुगत रक्तस्राव की बीमारी है। जिसमें रक्त सही तरीके से क्लॉट नहीं होता है। इससे ग्रसित व्यक्ति के शरीर के किसी भी अंग से अचानक रक्तस्राव शुरू हो जाता है अथवा चोट, खरोंच आदि की स्थिति में रक्तस्राव बंद नहीं होता है। इस रोग में जोड़ों के बीच अंदरूनी रक्तस्राव होता है। जिससे अत्यधिक पीड़ा एवं जोड़ संबंधी बीमारियां हो सकती हैं। इससे मष्तिष्क में रक्तस्राव शुरू हो सकता है और ग्रसित व्यक्ति को लकवा और मष्तिष्क संबंधी अन्य बीमारियां हो सकती हैं। हीमोफिलिया के मरीजों के विशेष इलाज के लिए राज्य में पटना स्थित पीएमसीएच, न्यू गार्डिनर रोड अस्पताल, एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर, जवाहरलाल नेहरु अस्पताल भागलपुर एवं अनुग्रह नारायण कॉलेज गया में उपचार उपलब्ध है।

## एक नजर

### छोटे भाई को स्कूल से घर लाने के लिए निकले इंटर के छात्र का ट्रैक पर मिला शव



**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा रेलवे स्टेशन और जमीरा के बीच डाउन लाइन से सोमवार की दोपहर बारहवीं के एक छात्र का शव बरामद किया गया। उसकी किसी ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने की बात कही जा रही है। मृतक नवादा थाना क्षेत्र के न्यू शीतल वार्ड 38 निवासी नरेंद्र कुमार दूबे का 16 वर्षीय पुत्र विनायक दूबे था। उसके पिता मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव का काम करते हैं। सूचना मिलने पर रेल पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इधर, छात्र के चाचा शत्रुघ्न दूबे ने बताया कि वह सोमवार को करीब 11 बजे अपने भाई को नवादा स्थित स्कूल से लाने के लिए घर से निकला था। उसका भाई तो घर आ गया लेकिन विनायक नहीं लौटा। काफी देर बाद तक भी वह घर नहीं आया, तो खोजबीन शुरू की गयी। उसके बाद पटना गये उसके पिता को फोन कर घटना की जानकारी दी गयी। उस पर उसके पिता पटना से ट्रेन से आरा लौट रहे थे। उसी क्रम में उन्होंने आरा और जमीरा हके बीच रेलवे ट्रैक पर एक शव को पड़ा देखा। संदेह के आधार पर बाद ट्रेन से उतर कर शव के पास गये। वहां देखा कि वह उनके ही बेटे का शव है। उसके बाद उन्होंने रेल पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट में छात्र की मौत किसी चलती ट्रेन की चपेट में आने में गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि भाई को लाने स्कूल गया विनायक वहां कैसे पहुंचा? इधर, छात्र की मौत के बाद उसके घर में कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि छात्र अपने दो भाई और एक बहन ने दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां प्रमिला देवी, भाई अश्लोक और बहन अश्वेशी दूबे हैं। छात्र की मां प्रमिला देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### स्काउट व गाइड का प्रथम सोपान प्रशिक्षण प्रारंभ

**जहानाबाद।** जिला अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय में भारत स्काउट और गाइड का प्रथम सोपान प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्राचार्य एएन शर्मा ने झंडोत्तोलन कर शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि स्काउटिंग- गाइडिंग प्रशिक्षण से छात्र-छात्राओं में शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक विकास के साथ नेतृत्व कुशलता सीखने का अवसर मिलता है। जिससे इनमें स्वयं के प्रति कर्तव्य की भावना बढ़ती है और देश के लिए अच्छा नागरिक तैयार होते हैं। साथ ही, रिसोर्स पर्सन का गुलदस्ता से स्वागत किए, वही रिसोर्स पर्सन के रूप में मौके पर मौजूद हरिशंकर कुमार (जिला संगठन आयुक्त) एवं गायत्री कुमारी (बिगिनर्स कोर्स प्रशिक्षण प्राप्त) ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं को स्काउट एंड गाइड आंदोलन की जानकारी, नियम- प्रतिज्ञा, प्रार्थना- झंडा गीत, बीपी सिक्स व्यायाम, वर्दी की जानकारी, खोज के चिन्ह, गांठ, वन विद्या, सिटी संकेत, प्राथमिक उपचार, टोली विधि, बायॉ हाथ मिलाना, सैल्यूट, सिद्धांत, सिखाया जाएगा, जबकि शिविर प्रधान के रूप में विद्यालय के प्रभारी स्काउट मास्टर -सह- संगीत शिक्षक हरिशंकर सिंह और गाइड कैप्टन प्रभारी आरती कुमारी के नेतृत्व में 32 स्काउट छात्र और 32 गाइड छात्रा का चयन प्रशिक्षण के लिए किया गया है, उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिका, छात्र- छात्रा एवं अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



### नुक्कड़ नाटक की टीम को किया गया रवाना

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने सोमवार को जिले में गर्म हवाऐं/लू एवं अग्निकांड से सुरक्षा तथा बचाव हेतु एलईडी जागरूकता वाहन एवं नुक्कड़ नाटक की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि एलईडी जागरूकता वाहन एवं नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा जिले के सातों प्रखंडों में जाकर आमजनों को गर्म हवाऐं व लू एवं अग्निकांड से सुरक्षा तथा बचाव के लिए जागरूक किया जाएगा। एलईडी जागरूकता वाहन द्वारा लघु फिल्म के माध्यम से एवं नुक्कड़ नाटक की टीम नाटक की प्रस्तुति कर आमजनों को दिनांक 20 अप्रैल तक सभी प्रखंडों के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शन कर जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि अभी गर्म हवाऐं/लू के कारण काफी अग्निकांड की घटना घट रही है, जिसके लिए हर लोगो को सतर्कता से कार्य करना होगा। साथ हीं एलईडी जागरूकता वाहन एवं नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा सरकार द्वारा उपलब्ध सहायता एवं जारी गाईड लाईन के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि गर्म हवाऐं/लू एवं अग्निकांड से सुरक्षा तथा बचाव के लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर फ्लैक्स के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ हीं सरकार द्वारा जारी हेल्प लाईन का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।



### लोगों ने रक्तदान कर पेश की मिशाल

**जहानाबाद।** सदर अस्पताल स्थित रक्त केंद्र में मातृत्व फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चार लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में मातृत्व फाउंडेशन के आशुतोष कुमार ने 25वीं आदर्श भारद्वाज ने 15 वीं ,ज्ञानरंजन भारद्वाज ने 6 वीं, अविनाश कुमार ने 4 शिविर का संचालन कर रहे मातृत्व फाउंडेशन के निदेशक आदर्श भारद्वाज ने बताया की साल में चार बार रक्तदान करने वाले के लिए ही रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोग रक्तदान करने आये जिसमे 04 लोग रक्तदान किए और 06 लोग चिकित्सीय कारण से रक्तदान नहीं कर सके। मातृत्व फाउंडेशन द्वारा समय समय पर थैलीसीमिया मरीजों और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिये रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है।लोगों को रक्तदान के लिए बढ़ावा देने और रक्तदाता का आभार जताने के लिए समय समय पर शिविर या इन्वेंट का आयोजन किया जाता है। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों को डिजिटल प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया। फाउंडेशन के निर्देशक विकाश शर्मा ने बताया कि रक्तदान से जहां एक ओर किसी का जीवन बचता है तो वहीं रक्तदान करने वाले लोग को कभी कोई दिक्कत नहीं होती,साथ ही साथ कई तरह की जांच और स्वास्थ संबंधी फायदे होते है। विकास का कहना है कि जो रक्तदान से डरते है वो एक बार रक्तदान करते हुए लोगों को देखे और उनसे अपने हिसाब से सवाल करके संतुष्ट हो लें फिर आप विचार करें की रक्तदान करना है या नहीं पहले ही डर कर घर में न बैठे समाज के लिए खड़ा होइए।



## खबरें फटाफट

### राजपुर में आभूषण व नगदी समेत लाखों की चोरी

**राजपुर।** थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में रविवार की रात चोरों ने गांव के ही मनोज शर्मा के घर में प्रवेश कर लाखों रुपए के कीमती गहने एवं 35 हजार नगदी की चोरी कर लिया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार परिवार के सभी सदस्य देर रात गहरी नींद में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने छत के पीछे से बांस लगाकर उसके सहारे घर के अंदर प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने अलमीरा तोड़कर उसमें रखे गए कीमती जेवरात, जिसकी कीमत लगभग दो लाख बतायी जाती है एवं काम के लिए रखे नगदी 35 हजार रुपये की चोरी कर लिया। सोमवार की सुबह परिवार के सदस्य जब जगे तो सभी सामान बिखरा हुआ था। इस बात की चर्चा होते ही गांव के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। इस मामले को लेकर मनोज शर्मा ने थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

### अपहृत किशोरी सीतामढ़ी से बरामद

**नावानगर।** बीते माह सिकरौल थाना क्षेत्र के एक गांव से शादी की नियत से अपहृत किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। अपहृत किशोरी सीतामढ़ी जिला अंतर्गत बरगनिया थाना के जमुआ गांव से बरामद हुई है। हालांकि पुलिस पहुंचने के पूर्व अपहरणकर्ता फरार हो चुका था। अपहृत किशोरी अपहरणकर्ता के साथ उसके घर में रहती थी। सोमवार को अपहृत किशोरी को 164 के बयान के लिए पुलिस ने बक्सर कोर्ट ले गए। बता दें कि बीते 11 मार्च को किशोरी गायब थी। जिसपर किशोरी के पिता ने सिकरौल थाना में सीतामढ़ी के जमुआ गांव निवासी भरत मिश्रा पर शादी की नियत से अपनी पुत्री का अपहरण करने का नामजद एफआईआर दर्ज कराया था। एफआईआर दर्ज होने बाद से ही पुलिस किशोरी की बरामदगी के लिए अपनी प्रयास शुरू कर दी थी।

# डीएम ने चेताया... पर्व त्योहारों पर शांति भंग करनेवालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- शांति समिति की बैठक में शामिल हुए डीएम अंशुल अग्रवाल
- डीएम ने अधिकारियों को सोशल मीडिया पर नजर रखने का दिया निर्देश
- ईद की नमाज के दौरान स्टेशन रोड में वाहनों के परिचालन पर रहेगी रोक

**केटी न्यूज/डुमरांव**



पर्व त्योहार खुशी के प्रतीक है। इसे सौहार्द भरे वातावरण में मनाना चाहिए। पर्व त्योहारों पर शांति भंग करने या उपद्रव करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें सोमवार को बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने डुमरांव में कही है। वे डुमरांव अनुमंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित शांति समिति की बैठक में भाग लेने आए थे। शांति समिति की यह बैठक आगामी ईद व परशुराम जयंती जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों के लिए आयोजित की गई थी। संभावना है कि 22 अप्रैल को दोनों त्योहार एक साथ मनाया जाएगा। जिस कारण प्रशासन की कवायदें बढ़ गई है। दोनों धर्मो के प्रमुख त्योहार एक साथ पड़ने से प्रशासन काफी गंभीर हो गया है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि खुद डीएम इस बैठक में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहारों के दौरान शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि ईद की नमाज के दौरान सुबह में बड़ी संख्या में पुलिस बल ईदगाह के साथ ही चिन्हित नुक्कड़ों पर तैनात किए जाएंगे।

ईद की नमाज के दौरान स्टेशन रोड में वाहनों का परिचालन रोक दिया जाएगा। ईदगाह के दोनों तरफ पुलिस के जवान बैरियर लगा खड़े रहेंगे। डीएम ने पुलिस को साइबर सेनानी ग्रुप को ऐक्टिव रखने तथा फेसबुक, व्हाट्सऐप जैसे विभिन्न सोसल साइटों पर नजर रखने को भी कहा है ताकी शरारती तत्व किसी तरह के अफवाह फैलाने में सफल न हो जाए। इसके अलावे इस बैठक में ईद के पहले ईदगाह तथा पूरे शहर की विशेष साफ सफाई का निर्देश नगर परिषद प्रशासन को दिया गया। जबकि बिजली की आपूर्ति निर्बाध रखने के लिए बिजली कंपनी को निर्देश दिया गया। इसके अलावे भी कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित दोनों समुदायों के लोगों ने शांतिपूर्ण माहौल में पर्व त्योहार मनाने का आश्वासन प्रशासन को दिया। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ कुमार पंकज ने की। इस मौके पर पर जिला उप विकास आयुक्त डॉ महेंद्र पाल, अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी नवाज सरफराज, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी धनंजय त्रिपाठी, अंचलाधिकारी अंकिता सिंह, बीडीओ संतोष कुमार के अलावे अनुमंडल के सभी थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### डुमरांव के साथ नया भोजपुर में रहेगी विशेष सतर्कता

एसडीओ कुमार पंकज ने कहा कि ईद को देखते हुए अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है। अभी से भी चौकसी बढ़ा दी गई है। मस्जिदों तथा उसके आस पास के इलाके की साफ सफाई करवाई जा रही है। एसडीएम ने कहा कि ईद के पूर्व सभी मस्जिदों की सफाई करवा दी जाएगी। वही मुख्य नमाज के दौरान ईदगाहों पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में दंडाधिकारियों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि डुमरांव के साथ ही नया भोजपुर में विशेष सतर्कता बरने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावे सभी जगहों पर पुलिस के जवान पूरे दिन पेट्रोलिंग करेंगे।

## स्वास्थ्य से खेलः डुमरांव में सप्लाई किए जा रहे आरओ प्लांट वाटर की शुद्धता की गारंटी नहीं

# बगैर तय मानक और लाइसेंस के चल रहे आरओ वाटर प्लांट, प्रशासन बेफिक्र

**केटी न्यूज/डुमरांव**

गर्मी बढ़ने के साथ ही पेयजल की खपत बढ़ गई है। ऐसे में शहर में आरओ प्लांट संचालकों का व्यवसाय चमक उठा है। इस भीषण मौसम में अपने सूखते हलक को तर करने तथा शुद्ध पेयजल की तलब में बोतलबंद पानी खरीदना लोगों की मजबूरी बन गई है। बता दें कि कोरोना संक्रमण के बाद स्वास्थ्य को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ी है। यही वजह है कि अब शहरी इलाके से लेकर ग्रामीण इलाके में भी इसकी डिमांड बढ़ गयी है। निजी व सरकारी कार्यालयों, दुकानों और अधिकांश घरों में गले को तर करने के लिए आरओ वाटर की मांगों में इजाफा हुआ है।

कई कार्यालयों में अब तीन-चार जार भी वाटर कम पड़ रहे हैं। वाटर प्लांट संचालकों द्वारा हर दिन करीब 38 से 40 हजार लीटर वाटर की खपत की जा रही है। जिससे संचालक महीने में औसतन 15 लाख का कारोबार करते हैं। शादी-विवाह के मौसम में मांग अधिक होने से उनकी आमदनी में भी इजाफा होगा। शहर के पॉश कॉलोनी, मार्केट, रेलवे स्टेशन सहित अन्य ऐसे एरिया जहां लोगों का आवागमन अधिक है, वहां आरओ वाटर की बिक्री अधिक हो रही है। स्थानीय शहर में करीब आठ आरओ वाटर प्लांट लगाये गये हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में आरओ प्लांट संचालित हो रहे हैं। पहले शादी-



विवाह या अन्य कार्यक्रमों तक ही यह व्यवसाय सीमित था, लेकिन कोरोना संक्रमण के बाद लोगों में शुद्ध पेयजल पीने की ललक बढ़ी और तेजी से ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी हो गयी।

**हर रोज करीब 40 हजार लीटर वाटर की सप्लाईः** आरओ प्लांट वाटर की शुद्धता की कोई गारंटी नही है। जानकारों की माने तो शुद्धता के नाम पर अधिकतर आरओ प्लांट संचालक वाटर को फिल्टर करने के बजाय सिर्फ ठंडा बनाकर सप्लाई कर रहे हैं और लोगों को भ्रमित कर चूना लगा रहे हैं। आरओ प्लांट से करीब 40 हजार लीटर वाटर की सप्लाई हर रोज हो रहा है, जिसे आरओ का शुद्ध पानी मानकर लोग पी रहे है। संबंधित विभाग द्वारा नियमित तौर पर आरओ प्लांटों की जांच नहीं की जाती है। जिस कारण उनकी मनमानी बढ़ते जा रही है।

**जलसंरक्षण अभियान को पहुंच रहा आघातः** जानकारों की मानें तो चार लिटर सामान्य जल से एक लीटर शुद्ध पानी तैयार होता है। ऐसे में तीन लीटर पानी जमीन पर गिर बर्बाद हो जाता है। एक तरफ सरकार जलसंरक्षण के लिए कई कवायदें कर रही है। भूमिगतत जल के दोहन को रोकने तथा बरसाती जल को जमीन के अंदर पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में करोड़ो रूपए खर्च किए जा रहे है। तो दूसरी तरफ आरओ प्लांट संचालक हर दिन हजारों लिटर पानी को बर्बाद कर रहे है। जिससे जलसंरक्षण अभियान को आघात पहुंच रहा है।

### सिस्टम के नकारा होने से बढ़ा रोजगार

बता दें कि डुमरांव सहित पूरे अनुमंडल भर में सरकारी स्तर पर जलापूर्ति व्यवस्था चौपट हो गई है। अनुमंडल मुख्यालय में एक भी सार्वजनिक चापाकल नहीं है जहां लोग अपनी प्यास बुझा सकते है। सिमरी प्रखंड के केशोपुर में निमार्णाधीन करोड़ो रूपए का वाटर ट्रिटमेंट प्लांट का निर्माण भी समय से पूरा नहीं हो सका है। वही दूसरी तरफ अनुमंडल क्षेत्र में भूमिगत जल में आर्सेनिक व फ्लोराइड की मात्रा तेजी से बढ़ी है। जिससे लोगों का स्वास्थ खराब हो रहा है। इसी डर से लोगों की आरओ के पानी पर निर्भरता बढ़ी है।

**उल्टी-दस्त की हो सकती है समस्याः** डॉ एसके सैनी की मानें तो पानी में कौन से तत्व कितनी मात्रा में होनी चाहिए इसकी जानकारी जरूरी है। कोई भी तत्व निर्धारित मात्रा से अधिक है तो पेट संबंधित बीमारियां, उल्टी-दस्त आदि रोगों की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावे दांतों में पीलेपन, बाल झड़ने की समस्या और कमर दर्द के साथ हड्डियां भी कमजोर होती है।

**कहते है एसडीओः** डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने इस संबंध में कहा कि डुमरांव में संचालित आरओ प्लांट की जांच करवाई जाएगी। मानक पर खरा नहीं उतरने वाले प्लांटो पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### डीएम की निगरानी में कोरानसराय में 1600 लिटर शराब पर चला प्रशासन का बुलडोजर



**डुमरांव।** कोर्ट के निर्देश पर डुमरांव अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों से जब्त 1600 लिटर शराब को कोरानसराय थाने में विनष्ट किया गया। विनष्ट किए गए शराब की कीमत लाखों रूपए है। शराब विनष्टीकरण डीएम अंशुल अग्रवाल के मौजूदगी में किया गया है। बताया जाता है कि कोरानसराय के साथ ही डुमरांव, मुरार आदि थाना क्षेत्रों में पिछले कुछ महीनों के दौरान विभिन्न कांडो में बरामद कि गए शराब को एक साथ कोरानसराय थाने में बुलडोजर चला विनष्ट किया गया है। इस विनष्टीकरण से शराब कारोबारियों के मंसूबे भी ध्वस्त हुए है। बता दें कि पिछले कुछ महीनों में अनुमंडल पुलिस ने शराब तस्करी के अभियान विशेष अभियान चला रखा है। इस दौरान भारी मात्रा में शराब बरामद हुआ था। जिसे न्यायालय के आदेश पर डीएम के निगरानी में विनष्ट किया गया है। विनष्टीकरण के दौरान डीएम के साथ डीडीसी डॉ महेंद्र पाल, डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज, बीडीओ संतोष कुमार, सीओ अंकिता सिंह सहित कई थानों के थानाध्यक्ष मौजूद थे।

### बिजली कंपनी के कर्मियों को शॉर्ट सर्किट से लगी आग पर काबू पाने के सिखाये गये गुर

**डुमरांव।** अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत अनुमंडल के आनंद विहार होटल में आग से बचने के गुर सिखाए गये। इस दौरान होटल में मौजूद लोगों के साथ साथ बिजली कंपनी के विभिन्न प्रशाखाओं के कनीय विद्युत अभियंताओं ने आग से बचाव की जानकारी ली। आयोजन की अध्यक्षता डुमरांव फायर स्टेशन के स्टेशन ऑफिसर ब्रिज कुमार चौधरी ने की। उन्होंने बताया कि सुरक्षा सप्ताह के तहत अग्निशमन विभाग लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें आग से बचाव व रोकथाम हेतु लोगों को जागरूक कर रहा है, ताकि आपात स्थितियों में फायर बिग्रेड के पहुंचने तक खुद से यथासम्भव आग पर काबू पा सके। अग्निशामक दस्ता के अग्निक अनिल कुमार द्वारा बताया गया कि स्कूल, बिल्डिंग, होटल, गोदाम, ऑफिस या अन्य किसी मकान में अचानक आग लगने जैसी घटना के घटने पर घबराने के बजाय धैर्य व हिम्मत के साथ बचाव कार्य में लगना चाहिए, ताकि कम से कम जान-माल की क्षति हो सके। उन्होंने कहा कि घबराये नहीं बल्कि समझदारी से कार्य लें, क्योंकि घबराहट में भगदड़ मच जाती है, और इससे बड़ी घटना घट सकती है। सावधानी बरतने और विवेक से काम लेने पर क्षति को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। इस दौरान गैस सिलेंडर, विद्युत शार्ट-सर्किट से आग लगने पर बचाव के क्या तरकीब अपनाया जाए, इसके संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में कार्यक्रम में अग्निशमन विभाग के अग्निक अनिल कुमार, अग्निक चालक मोती कुमार, अग्निक पवन कुमार और अग्निक मोहम्मद इब्राहिम आलम, विद्युत जेई मनीष कुमार ठाकुर, बिजली कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

### मध्य विद्यालय में आयोजित हुआ विदाई समारोह

**डुमरांव।** सोमवार को मध्य विद्यालय कोरान सराय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्ग आठ के सभी छात्र-छात्राओं के बीच पूर्व के शैक्षणिक सत्र में उनकी उपस्थिति और शैक्षणिक गतिविधियों के आधार पर सुपर टेन के तहत पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बीच बच्चों के द्वारा वर्तमान विद्यालय के माहौल और उनके पिछले अनुभवों पर भी बारी बारी से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान छोटे लाल गोंड एवं संचालन पूणानंद मिश्र ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी पूर्ववर्ति छात्र छात्राओं को विद्यालय परित्याग परिणाम पत्र वितरित किया गया। इस दौरान समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे जिनमें, अजय प्रसाद, ओप प्रकाश, दया शंकर तिवारी, धीरज पांडेय, पूनम कुमारी, वीणा राय, सविता कुमारी, कुसुम कुमारी, दिव्या पांडेय, सपना सिंह, शबनम आरा, शशिकांत आदि मौजूद रहे।

### केन्द्रीय मंत्री अश्विनी चौबे, गांवों में चौपाल लगा जानेंगे किसानों की समस्या



**बक्सर।** केन्द्रीय मंत्री सह बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे मंगलवार को अपने पांच दिवसीय दौरे पर बक्सर आ रहे है। इस दौरान वे विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में जाकर गांवों में चौपाल आयोजित कर किसानों की समस्याओं का सुनेंगे तथा उसका समाधान कराऐंगे। इस दौरान वे केंद्रीय योजनाओं का फीडबैक भी लेंगे तथा लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। उनके मीडिया सलाहकार पंकज कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि श्री चौबे अपने संसदीय क्षेत्र के पांच दिवसीय दौरे पर मंगलवार को बक्सर पहुंच रहे है। वे भाजपा के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक करेंगे। उसके उपरांत गोकुल जलाशय से संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर इससे संबंधित कार्य प्रगति से अवगत होंगे। बुधवार को वे दिनारा विधानसभा क्षेत्र से चौपाल की शुरूआत करेंगे।

# ददुरा में अतिक्रमण हटाने गई प्रशासनिक टीम को झेलना पड़ा ग्रामीणों का आक्रोश

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड के हरपुर पंचायत अंतर्गत ददुरा गांव में सोमवार को अतिक्रमण हटाने पहुंचे स्थानीय प्रशासन को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा है। पूरे दिन के मशक्कत के बावजूद भी सीओ के नेतृत्व में पहुंची प्रशासनिक टीम अतिक्रमण हटाने में सफल नहीं हो सकी। जबकि डीएम के निर्देश पर प्रशासन की टीम पूरे लाव लश्कर के साथ पहुंची थी। लेकिन प्रशासन व पुलिस टीम को देखते ही सैकड़ों की तादात में ग्रामीण एकजुट हो विरोध जताने लगे तथा प्रशासन के सामने अड़ गए। हालांकि अधिकारियों तथा पुलिस द्वारा ग्रामीणों को समझा-बुझाकर वापस भेजने का देर तक प्रयास किया। बावजूद उनका विरोध जारी रहा तथा घंटों मशक्कत के बाद भी अतिक्रमण हटाने का काम शुरू नहीं किया गया। ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए कहा कि पहले से ही इस जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों को सरकार की तरफ से पर्चा मिला हुआ है। विदित हो कि गांव के



ही गंगा दुसाध पिता शिवदहीन दुसाध के जमीन पर खाता संख्या 151 खेसरा संख्या 189 रकबा 42 डिसमिल पर गांव के ही टेंगरी राम, बेचन राम, रुनु राम, वीरेंद्र राम, जितेंद्र राम, हृदयनारायण राम, मनजी राम, भूलू राम, जनक पासवान, विजय पासवान ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। जिसको लेकर गांव के ही मनु पासवान ने लिखित आवेदन देकर जिलाधिकारी से जांच की मांग किया था। जिसके आलोक में जांचोपरांत जिलाधिकारी ने अतिक्रमण मुक्त करने का फरमान जारी किया था।

# बक्सर में तीन घंटा चला नशामुक्त ऑपरेशन हेरोइन बेच रहे तस्कर को पुलिस ने दबोचा

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर पुलिस ने सोमवार की सुबह शांति नगर इलाके से एक हेरोइन तस्कर को रंगेहाथ दबोच लिया। उसके पास से 20 पुड़िया हेरोइन बरामद हुआ। नगर थानाध्यक्ष दिनेश मलाकार ने बताया कि शहर में छोटी-छोटी चोरी व नशेडियों की संख्या बढ़ गई है। जिसके आलोक में बक्सर एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर शहर के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की गई। उसी दौरान खबर मिली कि शांति नगर इलाके में एक युवक हेरोइन बेच रहा है। जिसके बाद वहां टीम गई। छापेमारी की गई तो पता चला कि पुराना हेरोइन



तस्कर रवि शाह का घर है। उसके बारे पता में पता चला कि वह अभी मुहल्ले में निकला। उसे पकड़ा गया तो उसके पास से 20 पुडिया हेरोइन बरामद हुई। रवि पहले भी हेरोइन तस्करी में जेल जा चुका है। वहीं बक्सर एसपी मनीष कुमार ने कहा कि अपराध के साथ जिले को नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य है। जिसको लेकर प्रतिदिन पुराने व नए तस्करों के गतिविधी पता लगाकर छापेमारी की जाएगी।

## पूरे दिन बदन को झुलसा देने वाली गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त, लू और भयंकर गर्मी के कारण लोग पड़ रहे बीमार

# 44 डिग्री पहुंचा तापमान, लू के कहर से पूरे दिन वीरान रह रही सड़कें

- लू चलने पर अगले कुछ दिनों में 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है तापमान

**केटी न्यूज/बक्सर**

इस बार प्रचंड गर्मी पड़ रही है। सूरज भी मानों आग उगल रहा है। पूरे दिन बदन को झुलसा देने वाली गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में ही पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इसकी चपेट में आ लोग बीमार पड़ रहे है। लू तथा भयंकर गर्मी के कारण पूरे दिन सड़कें वीरान रह रही है। आलम यह है कि सुबह के नौ बजे के बाद लोग घरों से नहीं निकल रहे हैं। लगातार बढ़ती गर्मी से लोगों



की परेशानी भी बढ़ते जा रही है। सोमवार अब तक का सबसे गर्म दिन रहा है। जिले का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जिससे आम जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। मौसम विभाग के जानकारों की मानें तो लू चलने पर तापमान



अगले कुछ दिनों में 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है। अस्पतालों में हीट वेव के शिकार मरीजों की संख्या बढ़ते जा रही है। देर शाम तक हवा काफी गर्म महसूस हो रही है। जिसका असर बाजार पर भी पड़ रहा है। बाजार में पूरे दिन सन्नाटा पसरा रह रहा है। जो लोग जरूरी कामों से घरों निकल रहे है वे भी पूरे शरीर को ढंक निकल रहे है। हीट वेव का असर प्रखंड कार्यालय व अनुमंडल कार्यालय जैसे सरकारी दफ्तरों में भी देखने को मिल रहा है। सरकारी दफ्तरों में आने वालों की संख्या भी काफी कम हो गई है। मौसम से मार से बच्चें भी बेजार हो रहे है। जिले के चर्चित शिशु रोग विशेषज्ञ डा गांगेय राय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मौमस काफी तल्ख हो रहा है। जिस कारण बच्चें बीमार हो रहे है। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को धूप व लू से बचाने तथा उन्हें तरल व ताजा भोजन देने की अपील की है।

# चुनाव आयोग का निर्देश के तहत आचार संहिता का पालन करें: डीएम

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**केटी न्यूज/बलिया**



नगर निकाय चुनाव 2023 को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार ने राजनीतिक दलों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक का उद्देश्य चुनाव से पहले आपसी सहमति बनाना है जिससे चुनाव सकुशल संपन्न कराया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग का निर्देश के तहत आचार संहिता का पालन करें। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा कोई कार्य लिखकर, बोलकर अथवा किसी प्रतीक के माध्यम से नहीं करेंगे जिससे किसी धर्म, संप्रदाय, जाति और सामाजिक वर्ग एवं राजनीतिक दलों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो। मत प्राप्त करने के लिए किसी भी राजनीतिक दल द्वारा जाति, संप्रदाय और धार्मिक भावना का परोक्ष या अपरोक्ष रूप से सहारा नहीं लिया जाएगा। पूजा स्थलों जैसे मंदिर, मस्जिद , गिरजाघर गुरुद्वारा आदि का उपयोग निर्वाचन प्रचार हेतु तथा निर्वाचन संबंधी अन्य कार्य हेतु नहीं किया जाएगा। चुनाव प्रचार करते समय राजनीतिक दल निर्धारित सीमा से अधिक व्यय नहीं करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी राजनीतिक दल सभा, रैली, जुलूस का आयोजन जिला प्रशासन से अनुमति लेकर ही करेंगे ।कोविड प्रोटोकॉल का भी पालन करना है । जनपद के नागरिकों के जीवन सुरक्षा का भी दायित्व हमारा ही है।

पुलिस अधीक्षक राज करन नैयर ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य करें। अन्यथा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर कार्रवाई होगी। नियम तोड़ने पर जेल भी भेजा जा सकता है । आचार संहिता का मूल यह है कि सरकारी तंत्र को बिना किसी प्रकार प्रभावित किये चुनाव को सम्पन्न करने का प्रयास करें। चुनाव के समय मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी प्रकार का कार्य न करें। कोई भी चुनावी बैठक करना हो तो पहले प्रशासन से अनुमति लेनी पड़ेगी। सोशल मीडिया और प्रेस के माध्यम से राजनीतिक दलों पर नजर रखी जा रही है। कहीं पर भी यदि आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो उसकी जानकारी निर्वाचन कार्यालय को दें। इस अवसर पर सभी रिटर्निंग ऑफिसर, क्षेत्राधिकारी और राजनीतिक दलों के लोग उपस्थित थे।

**जिलाधिकारी ने किया नामांकन कक्षों का निरीक्षण :** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर नामांकन के पहले दिन जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक राज करण नैयर के साथ तहसील बलिया नगर और रसड़ा के नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से वहां की व्यवस्था की जानकारी ली। बलिया नगर के रिटर्निंग अधिकारी प्रशांत नायक को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कक्षों की साफ-सफाई रखी जाए साथ ही नामांकन करने वाले लोगों के पानी की व्यवस्था की जाए और सभी कक्षों के सामने नामांकन संख्या अवश्य लिखी जाए। तहसील रसड़ा में नामांकन कक्ष का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने रिटर्निंग ऑफिसर सदानंद सरोज से नामांकन से संबंधित जानकारी ली।

### एचटी तार के एलटी के संपर्क में आते ही बिजली उपकरण जलकर राख, घरों में भी उतरा करंट

# जर्जर हाईटेंशन तार टूटकर गिरने से यूनियन बैंक एवं दुकान में लगी आग, एक की मौत

- बैंक में जनरेटर चलाने वाले त्रिवेणी प्रसाद वर्मा की मौत, घर में मातम

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जनपद के बिरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय गांव में रविवार की रात हाईटेंशन 11000 वोल्ट की बिजली की तार टूटकर गिरने से बड़ा हादसा होते होते बच गया। लेकिन इस घटना में एक व्यक्ति की जान चली गई। बिजली की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। वहीं, एचटी लाइन के एलटी तार के संपर्क में आने से घर और बैंक में बिजली संबंधित सारे उपकरण जलकर राख हो गए। घटना में यूनियन बैंक बिरनो में शाखा प्रबंधक के कार्यालय समेत कुर्सी टेबल सहित अन्य सामान भी जलकर राख हो गए। वहीं, पास में अमर गोड़ के फल के दुकान को भी बिजली ने अपनी चपेट में ले लिया और दुकान में रखा फ्रिज व अन्य सामान भी जल गए।

बताया जाता है कि यूनियन बैंक में जनरेटर के संचालन का कार्य करने वाले त्रिवेणी प्रसाद वर्मा अपने घर में खाना खाकर सोए हुए थे। तब काफी शोरगुल सुनकर वह उठे और अपने कमरे का दरवाजा खोलने के लिए आगे बढ़े। तभी लोहे का दरवाजा होने के कारण बिजली की चपेट में आ गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और काफी मशक्कत से बैंक में लगी आग को बुझाने में सफलता पाई। स्थानीय लोगों ने बताया कि जर्जर तार होने के कारण यह घटना हुई है। आलम यह है कि आए दिन कहीं न कहीं तार टूटने की घटना होती रहती है। विभाग के द्वारा अनदेखा किया जाता है। मृत त्रिवेणी प्रसाद वर्मा के तीन पुत्र हैं। जिनमें विजय वर्मा, अजय वर्मा, संजय वर्मा यह लोग मिलकर साइकिल बनाने की दुकान चलाते हैं। वही पिता के द्वारा यूनियन बैंक में जनरेटर का कार्य संभाला जा रहा था। अब इस हादसे के बाद इस परिवार में दुःख का आलम बना हुआ है।

इस संबंध में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक पुष्पेश सौरभ ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से बैंक में आग लग गई। जिसमें सबसे ज्यादा नुकसान उनके ऑफिस का हुआ है। जिसमें नेटवर्किंग सिस्टम पूरी तरीके से जल चुका है। जबकि एसी प्रिंटर सहित 12 से 13 लाख का नुकसान भी हुआ है। पुनः कार्य प्रारंभ करने में लगभग एक सप्ताह का वक्त लगेगा।

वहीं, मामले में विद्युत विभाग के अवर अभियंता बिरनो मिथिलेश यादव ने बताया कि 11000 वोल्टेज का तार के इंसुलेटर लीक हो जाने पर सरक कर नीचे को आ गया था। जिससे वह एलटी तार के संपर्क में आ गया। इससे संबंधित बैंक और घरों में 11000 वोल्टेज प्रवाह होने लगा। जिससे इतनी बड़ी घटना हो गई है।

बिरनो थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे थे और हादसे में घायल हुए व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आने से गई पिता एवं पुत्र की जान

**गाजीपुर।** जनपद के मुहम्मदाबाद कोतवाली के चौबेपुर चक आलम गांव में हाईटेंशन तार की जद में आने से पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार की सुबह पांच बजे की है। पिता -पुत्र की मौत से पूरा परिवार बेसहारा हो गया है। परिवार में मौत का मातम पसरा है। बता दें कि शिव टहल यादव (50) और शिव टहल का पुत्र अनिल यादव (22) दोनों खेत में पानी चला रहे थे। इसी बीच अचानक 11000 वोल्ट का तार जो खेत के ऊपर से गया था टूट कर गिर गया।

खेत में गिरे तार में करेंट प्रवाहित हो रहा था और दोनों पिता- पुत्र करेंट की जद में आ गए। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। मृतक शिवपाल यादव की तीन पुत्रियां हैं। जिसमें प्रमिला कुमारी (20), धर्मशिला (18) तथा शीला कुमारी (16) शामिल हैं। बता दें कि तीनों पुत्रियां अविवाहित हैं। शिवपाल यादव की पत्नी मिर्जा देवी का रोते-रोते बुरा हाल है। वह छाती पीट-पीटकर रो रही थी। उसे रोते देख वहां का पूरा माहौल गमगीन हो गया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक धनानंद त्रिपाठी, उपनिरीक्षक एसएसआई राजीव कुमार त्रिपाठी के साथ ही एसडीएम मुहम्मदाबाद और क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद थी।

## फांसी लगाकर हाईस्कूल के छात्र ने की आत्महत्या



**गाजीपुर।** भांवरकोल थाने के लोहारपुर गांव में सोमवार को पूर्वाह्न हाईस्कूल के छात्र ने साड़ी के फंदे पर झूलकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि लोहारपुर गांव निवासी हिमांशु गुप्ता (17 ) पुत्र संजय गुप्ता ने मकान की दूसरी मंजिल पर छत की कुंडी में साड़ी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। घटना के समय इसके पिता संजय मुहम्मदाबाद बाजार में खरीददारी करने गए थे। जबकि मां मकान के निचले कमरे में सो रही थी। एक भाई प्रियांशू एवं बहन प्रिया स्कूल गए थे। बताया जाता है कि हिमांशु महादेव बाबा हाई स्कूल में हाई स्कूल का छात्र था। वह तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि हिमांशु के पिता संजय गुप्ता ने तहरीर दी है कि उसका पुत्र इधर कुछ दिनों से मानसिक रूप से विक्षिप्त था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है।

## सभासद पद के 529 नामांकन पत्रों की बिक्री

**मऊ।** नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन के प्रथम दिन नपा परिषद एवं नपं में अध्यक्ष पद हेतु कुल 104 एवं सदस्य पद हेतु 529 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। नगर पालिका परिषद नाथ भंजन के अध्यक्ष पद हेतु 22 एवं सदस्य पद हेतु 252, नगर पंचायत कोपागंज में अध्यक्ष पद हेतु 4 एवं सदस्य पद हेतु 7, नगर पंचायत अदरी में अध्यक्ष पद हेतु 3 एवं सदस्य पद हेतु 4, नगर पंचायत कुर्थी जाफरपुर में अध्यक्ष पद हेतु 14 सदस्य पद हेतु 17, नगर पंचायत घोसी में अध्यक्ष पद हेतु 17 एवं सदस्य पद हेतु 14, नगर पंचायत अमिला में अध्यक्ष पद हेतु 13 एवं सदस्य पद हेतु 13, नगर पंचायत दोहरीघाट में अध्यक्ष पद हेतु 6 सदस्य पद हेतु 13, नगर पंचायत मोहम्मदाबाद गोहना में अध्यक्ष पद हेतु 5 एवं सदस्य पद हेतु 28 पर्चे बिक्री हुए।

# गाजीपुर नगर पालिका सहित नगर पंचायतों के उम्मीदवारों ने भी भरा पर्चा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नगर निकाय आम चुनाव -2023 में नामांकन के अंतिम दिन भाजपा नगरपालिका, नगर पंचायत अध्यक्षों तथा वार्ड सभासदों का नामांकन जिले के भिन्न -भिन्न चुनाव कार्यालयों में हुआ।

गाजीपुर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष पद की उम्मीदवार सरिता अग्रवाल और नगर पंचायत जंगीपुर की अध्यक्ष पद की उम्मीदवार विजय लक्ष्मी गुप्ता ने भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन से अपराह्न 12.50 बजे पार्टी कार्यकताओं के साथ भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाइन से वाहनों से निकलकर सांसद तिराहा पहुंची, जहाँ से पैदल नामांकन कक्ष तक चलकर सरिता अग्रवाल ने उप जिलाधिकारी कक्ष स्थित चुनाव कार्यालय में चार सेट में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के क्रमशः प्रस्तावक विजय शंकर वर्मा, किरन सिंह, अतुल कुमार श्रीवास्तव और रणधीर मौर्या थे। जबकि विजय लक्ष्मी गुप्ता ने दो सेटों में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमें नन्दलाल और संदीप प्रस्तावक थे। नामांकन के बाद भाजपा प्रत्याशी



सरिता अग्रवाल ने कहा कि नगर में चल रहे विकास के अधूरे कार्यों को पूर्ण करना हमारी प्राथमिकता होगी।सुशासन व्यवस्था के साथ लोगों के सुविधाजनक जीवन के प्रति पूरा -पूरा काम किया जाएगा। उन्होंने बड़े विश्वास के साथ कहा कि लगातार छठवीं बार गाजीपुर नगर में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराएगा। जबकि नगर पंचायत जंगीपुर कि प्रत्याशी विजयलक्ष्मी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच जन-जन का सम्मान और क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता होगी। जंगीपुर में चल रहे विकास कार्यो को गति प्रदान कर लोगों की अपेक्षा और आवश्यक्ता पर खरा उतरने का प्रयास करुंगी। जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास कार्यों के बल पर जनपद कि सभी पाँच नगर पंचायतों तथा तीन नगर पालिकाओं में भारी बहुमत से चुनाव में जीत दर्ज करेगी।

विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल ने कहा कि गाजीपुर के विकास और नगरों में रह रहे लोगों के सुविधाओं से युक्त जीवन के लिए भाजपा प्रत्याशियों को जनता भारी मतों से जिताएगी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, सुशील उपाध्याय, कृष्ण बिहारी राय, विनोद अग्रवाल, संकठा प्रसाद मिश्रा, रासबिहारी राय, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, संतोष जायसवाल, कार्तिक गुप्ता, जयसूर्य भट्ट, श्रीप्रकाश केशरी, अभिनव सिंह छोटु, विवेकानंद पांडेय, मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, रेनू गुप्ता, अजीत सिंह, आदि उपस्थित थे।

### राष्ट्रपुरुष चन्द्रशेखर की जयन्ती के अवसर पर सोमवार को अपने आवास पर आयोजित स्मृति समारोह

# कंपनियों से मुक्ति के लिए चन्द्रशेखर के रास्ते पर चलना जरूरी: राम गोविंद

**केटी न्यूज/बलिया**



पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा है कि अडानी, अम्बानी आदि के नेतृत्व में उभरी नई ईस्ट इंडिया कम्पनी ने देश की सभी वैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं को अपने चंगुल में ले लिया है। डबल इंजन की सरकार सीधे सीधे इस नई कम्पनी के प्रतिनिधि के रूप में काम कर रही है। उन्होंने कहा है कि इस नई ईस्ट इंडिया कम्पनी से देश को मुक्त कराने के लिए जरूरी है कि हम सभी लोग राष्ट्रपुरुष चन्द्रशेखर के दिखाए गए रास्ते पर चलें। राष्ट्रपुरुष चन्द्रशेखर की जयन्ती के अवसर पर सोमवार को अपने आवास पर आयोजित स्मृति समारोह में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्री चौधरी ने कहा है कि गत आठ वर्षों के आर्थिक ग्राफ पर नजर डालें तो देश के आम आदमी की आमदनी लगातार घट रही है। रुपया रसातल की ओर अग्रसर है और इस नई ईस्ट इंडिया कम्पनी के अडानी, अम्बानी समूह की आमदनी लगातार बढ़ रही है। इस वृद्धि को लेकर अडानी समूह के कारनामे आम हो चुके है। इसके बाद भी भारत सरकार जांच के लिए तैयार नहीं है।

उन्होंने कहा है कि सरकार की मिलीभगत से ढाई दर्जन से अधिक अविश्वसनीय लोग भारतीय बैंकों को कंगाल बनाकर विदेश में मौज कर रहे हैं। अडानी और अम्बानी समूह के करोबार में भारतीय बैंकों का अकूत धन लगा हुआ है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चौधरी ने कहा है कि पूरा देश जानना चाहता है कि इन दोनों समूहों में भारतीय बैंको और अन्य सरकारी संस्थाओं का कितना धन लगा हुआ है, इसके बदले में इन दोनों समूहों ने कितना धन चंदा के रूप में कब कब, किसको किसको दिया है। उन्होंने कहा है कि यह सवाल किसी दल का नहीं बल्कि सम्पूर्ण देश का सवाल है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री चौधरी ने कहा है कि इस सवाल से बचने के लिए ही इस नई कम्पनी की प्रतिनिधि डबल इंजन की सरकार हिंदू मुस्लिम का कार्ड खेल रही हैं। इससे सम्पूर्ण देश को सजग रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि आज चन्द्रशेखर जी होते तो वह इस सवाल को लेकर संसद से लेकर सड़क तक संघर्ष करते। उनके सच्चे अनुयाई होने के नाते हम सभी लोगों का दायित्व है कि हम लोग इस नई ईस्ट इंडिया कम्पनी से यह सवाल पूंछे। यही आज के समय में राष्ट्रपुरुष चन्द्रशेखर को सच्ची श्रद्धांजलि है। मौके पर सर्वश्री राघव सिंह, राजेन्द्र चौधरी, अब्दुल कलाम, संदीप यादव, दिनेश यादव, विध्यवासनी यादव, दीपक मिश्र, प्रदीप राम, रामप्रताप यादव, सुनील प्रजापति, राजू खरवार आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अग्निपीड़ितों के बीच बांटी गई राहत सामग्री



**बलिया।** जनपद के सिकंदरपुर तहसील के सोनपुरवा एवं बनहरा गांव में सोमवार को रेड क्रॉस सोसायटी बलिया द्वारा राहत सामग्री वितरण किया गया। बीते 10 अप्रैल को सोनपुरवा में भीषण आग लगने से 17 परिवारों क्रमशः राम निवास पुत्र विजय कुमार, सुनैना देवी पत्नी सुभाष व दिनांक 15 अप्रैल को बनरहा गांव में आग लगने से दो परिवारों क्रमशः अनिता पत्नी सत्य प्रकाश व सुभावती पत्नी ओमप्रकाश सहित सभी परिवारों का झोपड़ी व उसमें रखा घर गृहस्थी का सामान जल गया। इसी क्रम में जिलाधिकारी के निर्देशन के क्रम में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सह सचिव इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी बलिया डॉ आनंद कुमार के नेतृत्व में नायब तहसीलदार सिकंदरपुर रजनीश कुमार सिंह के द्वारा अग्निपीड़ितों को रेड क्रॉस सोसायटी के सौजन्य से राहत सामग्री वितरित की गई। जिसमें प्रति परिवार किचेन सेट, तिरपाल, हाइजिन कीट, काटन कंबल (दो), धोती (दो), टी-शर्ट (दो), बाल्टी सेट इत्यादि दिया गया। इस अवसर पर आयुष्मान भारत योजना के जिला शिकायत प्रबंधक श्री अनुपम सिंह ने योजना के संबंध में लोगों को जानकारी दी। नायब तहसीलदार ने रेड क्रॉस सोसायटी बलिया की सराहना करते हुए कहा कि रेड क्रॉस टीम लगातार जरुरतमंदों की सहायता में सदैव तत्पर रहती है। चाहे वो ठंढ़ राहत की बात हो या बाढ़ राहत की या फिर अग्निपीड़ितों की सहायता हो इसके लिए मैं पूरी टीम को सहृदय धन्यवाद देता हूं। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी से जिला समन्वयक शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, डॉ पंकज ओझा, नंदिनी सिंह, रविशंकर तिवारी,मंटू,गौरव राय, राधेश्याम कश्यप, क्षेत्रीय लेखपाल पवन पाण्डेय, एहतसाम अहमद, मंजय राय, विजय लाल, धर्मेंद्र, परविन, देवेन्द्र, मनोज, आदित्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### जनता महंगाई एवं भ्रष्टाचार के बीच पिस रही

**बलिया।** वृंदावन शिक्षण संस्थान के परिसर में स्थित श्रीभगवान विद्या बालिका विद्यालय करनई में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. वृंदावन मिश्र की 129वीं जयंती सोमवार को मनायी गई। जिसमें उपस्थित लोगों ने सेनानी पं. वृंदावन मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। समाजवादी वरिष्ठ नेता अधिवक्ता पांडेय गोविन्द जी ने कहा कि सेनानी पं. वृंदावन मिश्र की राजनीति त्याग, तपस्या एवं कुबार्नी की थी। आज की राजनीति भोग की वस्तु हो गई है। कहा कि सभी राजनैतिक दलों की स्थिति एक जैसी हो गई है। आमजन को जाति-धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है। इसके चलते देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा गई है। जनता महंगाई एवं भ्रष्टाचार के बीच पिस रही है। डॉ. जनार्दन राय ने कहा कि हम आजादी के मूल्यों की रक्षा नहीं कर पा रहे है, जिसके चलते सेनानियों का सपना ध्वस्त हो रहा है। अजय बहादुर सिंह न कहा कि सेनानियों की कुबार्नी के चलते आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। माले नेता लक्ष्मण यादव ने कहा कि आजाद ङ्गारत में गरीबों के साथ इंसाफ नहीं हो पा रहा है। इस अवसर पर रामगोविन्द, देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संतोष कुमार शुक्ल, आनंद तिवारी, अशोक राय, बासुदेव ठाकुर, शिवशरण तिवारी, सुशील पांडेय, शाहिद अली खां, अकमल नईम खां मुन्ना, श्यामनंदन मिश्र, मुनरिका बाबू, विजय शंकर चौबे, फागू प्रसाद आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शुभ्राशु शेखर पांडेय ने तथा संचालन द्विजेन्द्र कुमार मिश्र ने प्रगट किया।



### डीएम ने किया नामांकन कक्षों का निरीक्षण

**बलिया।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर नामांकन के पहले दिन जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक राज करण नैयर के साथ तहसील बलिया नगर और रसड़ा के नामांकन कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से वहां की व्यवस्था की जानकारी ली। बलिया नगर के रिटर्निंग अधिकारी प्रशांत नायक को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कक्षों की साफ-सफाई रखी जाए साथ ही नामांकन करने वाले लोगों के पानी की व्यवस्था की जाए और सभी कक्षों के सामने नामांकन संख्या अवश्य लिखी जाए। तहसील रसड़ा में नामांकन कक्ष का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने रिटर्निंग ऑफिसर सदानंद सरोज से नामांकन से संबंधित जानकारी ली।



### फिट इंडिया मूवमेंट के तहत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शेषनाथ यादव युवाओं को दे रहे प्रशिक्षण

**गाजीपुर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा गाजीपुर में बनाया गया ₹उत्थान फाउंडेशन ट्रस्ट₹ में जूडो -कराटे व बॉक्सिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जूडो-कराटे के राष्ट्रीय खिलाड़ी शेषनाथ यादव फिट इंडिया मूवमेंट के तहत गाजीपुर के विभिन्न क्षेत्रों में तथा विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा सुरक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि शारीरिक व बौद्धिक विकास के लिए शारीरिक अभ्यास बहुत ही जरूरी है। इससे शारीरिक मजबूती और रोगों से लड़ने की क्षमता मिलती है। फिट इंडिया मूवमेंट के तहत मां शारदा सेवा ट्रस्ट गाजीपुर द्वारा हर जगह गांव हो या शहर जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। यह संस्था शिक्षा, सुरक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रहा है। संस्था टीम वर्क के साथ कार्य में लगी हुई है। इसके साथ-साथ स्कूल चलो अभियान, स्वच्छता अभियान एवं महिलाओं को जागरूक करना खेलकूद के प्रति युवाओं को प्रेरित करना आदि कार्य किया जाता है। शेषनाथ यादव अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता इस कार्य में काफी दिनों से लगे हुए हैं।



### समभाव प्रार्थना सभा के रूप में मनाई गई जयंती

**बलिया।** चंद्रशेखर उद्यान में चंद्रशेखर विचार मंच एवं शेखर फाउंडेशन के तत्वावधान में भारत के राजनैतिक आकाश के सबसे देदीप्यमान नक्षत्र, सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत जीवन में अद्भुत एकरूपता साधने वाले भारत सरकार के पूर्व प्रधानमंत्री परम श्रद्धेय जननायक चंद्रशेखर की 96वीं जयंती सर्व धर्म समभाव प्रार्थना सभा के रूप मे मनाई गई। जनपद के कोने-कोने से आए हुए लोगों ने अपने प्रिय नेता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद रविशंकर सिंह पप्पू व कुलपति कल्पलता पांडेय ने चंद्रशेखर की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।